# भारत-श्रीलंका संबंध

## प्रिलिम्स के लिये:

**भारत-श्रीलंका संबंध, तमिल राष्ट्रीय गठबंधन, श्रीलंकाई तमिल, वर्ष 1987 का भारत-श्रीलंका समझौता, बौद्ध धर्म, हिंद महासागर**

## मेन्स के लिये:

भारत-श्रीलंका संबंध

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में श्रीलंका में तमिल पार्टियों के सबसे बड़े संसदीय समूह **तमिल नेशनल एलायंस (TNA)** ने पुलिस शक्तियों के बिना **श्रीलंकाई संविधान में 13वें संशोधन** को लागू करने के **श्रीलंकाई राष्ट्रपति के प्रस्ताव को अस्वीकार** कर दिया है।

- श्रीलंकाई राष्ट्रपति की निर्धारित भारत यात्रा से पहले TNA द्वारा यह अस्वीकृति महत्त्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने निरंतर इस **कानून के "पूर्ण कार्यान्वयन"** पर बल दिया है जो आत्मनिर्णय हेतु श्रीलंकाई तमिलों की ऐतिहासिक मांग को संबोधित करने के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।




//

## पृष्ठभूमि:

- **परचिय:**
  - वर्ष 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद **13वाँ संशोधन** अधिनियमित किया गया था और यह प्रांतों को शक्ति हस्तांतरण की एकमात्र वधिायी गारंटी है।
    - भारत-श्रीलंका समझौता 1987 पर तत्कालीन **प्रधानमंत्री राजीव गांधी और राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने** द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे ताकि श्रीलंका के जातीय संघर्ष को हल किया जा सके। यह संघर्ष **सशस्त्र बलों तथा लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के बीच गृह युद्ध** में बदल गया था। इस संगठन ने तमिलों के आत्मनिर्णय के लिये संघर्ष का नेतृत्व किया और एक अलग राज्य की मांग की।
  - 13वाँ संशोधन, जिसके परिणामस्वरूप प्रांतीय परिषदों का गठन हुआ, के माध्यम से **देश के सभी नौ प्रांतों को स्व-शासन में सक्षम बनाने के लिये एक शक्ति-साझाकरण संरचना सुनिश्चित** की गई जिसमें बहुसंख्यक सिंहली भाषी क्षेत्र भी शामिल थे।
  - **शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आवास, भूमि और पुलिस** जैसे विषय प्रांतीय प्रशासनों को सौंप दिये गए, लेकिन वित्तीय शक्तियों पर प्रतिबंध तथा राष्ट्रपति को दी गई अधिभावी शक्तियों के कारण प्रांतीय प्रशासन अधिक प्रगति नहीं कर पाया।
  - हालाँकि **श्रीलंका** में लगातार सरकारों ने प्रांतों को भूमि और पुलिस **अधिकार प्रदान करने से इनकार किया है**, जिससे **14 वर्ष पूर्व समाप्त हुए गृह युद्ध के बाद भी मुद्दे अनसुलझे** रह गए हैं।
- **राष्ट्रपति का प्रस्ताव तथा TNA की प्रतिक्रिया:**
  - श्रीलंकाई राष्ट्रपति द्वारा **सत्य की खोज, शांति स्थापित करने, जवाबदेही, विकास और तमिल राजनीतिक दलों के साथ सत्ता साझा करने** के अपने देश के लक्ष्यों का वर्णन करते हुए एक विस्तृत प्रस्ताव पेश किया गया है।
    - इस प्रस्ताव में पुलिस शक्तियों को छोड़कर **13वें संशोधन को लागू करना तथा विभिन्न विधेयकों के माध्यम से प्रांतीय परिषदों को सशक्त** बनाना शामिल था।
  - हालाँकि TNA ने प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया, इसे **"खोखला वादा"** कहा, इसमें सत्ता को वास्तविक रूप से हस्तांतरित करने के लिये **राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी** का हवाला दिया गया, क्योंकि प्रांतीय परिषदें चुनाव न होने से पाँच वर्ष से निष्क्रिय हैं।
  - तमिल नेशनल पीपुल्स फ्रंट और नागरिक समाज के नेताओं ने **भारतीय प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी चिंता व्यक्त की** और एकात्मक संविधान के अंतर्गत 13वें संशोधन की सीमाओं को लेकर संघीय समाधान का आग्रह किया।

## श्रीलंका के साथ भारत का संबंध:

- **परिचय:**
  - भारत और श्रीलंका [हिंद महासागर] क्षेत्र में स्थित दो दक्षिण एशियाई देश हैं। भौगोलिक दृष्टि से श्रीलंका भारत के दक्षिणी तट पर स्थित है, जो [पाक जलडमरूमध्य] द्वारा अलग किया गया है।
  - इस निकटता ने दोनों देशों के **बीच संबंधों को मज़बूती प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई** है।
  - हिंद महासागर व्यापार और सैन्य अभियानों के लिये **रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण जलमार्ग** है तथा प्रमुख शिपिंग लेन के क्रॉस रोड पर श्रीलंका का स्थान इसे भारत के लिये एक महत्त्वपूर्ण नियंत्रण बिंदु बनाता है।
- **संबंध:**
  - **ऐतिहासिक संबंध**: भारत और श्रीलंका के बीच प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यापारिक संबंधों का एक वृहद् इतिहास रहा है।
    - दोनों देशों के बीच मज़बूत सांस्कृतिक संबंध हैं, श्रीलंका के कई निवासी अपनी विरासत भारत से जोड़ते हैं। [बौद्ध धर्म], जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई, श्रीलंका में भी एक महत्त्वपूर्ण धर्म है।
  - **आर्थिक संबंध:** अमेरिका और ब्रिटेन के बाद भारत **श्रीलंका का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।** श्रीलंका अपने 60% से अधिक के निर्यात हेतु [भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते] का लाभ उठाता है। भारत श्रीलंका में एक प्रमुख निवेशक भी है।
    - वर्ष 2005 से 2019 तक भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) लगभग 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
  - **रक्षा:** भारत और श्रीलंका **संयुक्त सैन्य** [(मित्र शक्ति)] तथा **नौसेना अभ्यास** [(SLINEX)] आयोजित करते हैं।
  - **समूहों में भागीदारी:** श्रीलंका [बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक)] तथा [SAARC] जैसे समूहों का भी सदस्य है जिसमें भारत अग्रणी भूमिका निभाता है।
- **भारत-श्रीलंका के बीच मुद्दे:**
  - **मछुआरों की हत्या:** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों की हत्या दोनों देशों के बीच एक पुराना मुद्दा है।
    - वर्ष 2019 और 2020 में कुल 284 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया तथा कुल 53 भारतीय नौकाओं को श्रीलंकाई अधिकारियों ने ज़ब्त कर लिया।
  - **चीन का प्रभाव:** श्रीलंका में [चीन की तेज़ी से बढ़ती आर्थिक उपस्थिति] (परिणामस्वरूप राजनीतिक दबदबा) भारत-श्रीलंका संबंधों में तनाव पैदा कर रही है।
    - चीन पहले से ही श्रीलंका में सबसे बड़ा निवेशक है, वर्ष 2010-2019 के दौरान चीन का कुल [प्रत्यक्ष विदेशी निवेश] में 23.6% हिस्सा था, जबकि भारत का हिस्सा 10.4% था।

## आगे की राह

- तमिल राष्ट्रीय गठबंधन द्वारा राष्ट्रपति के प्रस्ताव को अस्वीकार करना और तमिल राजनीतिक दलों तथा नागरिक समाज के सदस्यों के बीच बढ़ती चिंताएँ **13वें संशोधन को लागू करने** एवं **श्रीलंका में सत्ता हस्तांतरित करने में चुनौतियों को रेखांकित** करती हैं।
- राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की जल्द ही होने वाली भारत यात्रा को देखते हुए भारत का "**पूर्ण कार्यान्वयन**" पर ज़ोर और संघीय समाधान की इच्छा काफी महत्त्वपूर्ण कारक हैं।

### UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***?????????????:***

**प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला एलीफेंट पास का उल्लेख निम्नलिखित में से किस मामले के संदर्भ में किया जाता है? (2009)**

(a) बांग्लादेश
(b) भारत
(c) नेपाल
(d) श्रीलंका

**उत्तर: (d)**

---

***??????:***

**प्रश्न. भारत-श्रीलंका के संबंधों के संदर्भ में विवेचना कीजिये कि किस प्रकार आंतरिक (देशीय) कारक विदेश नीति को प्रभावित करते हैं। (2013)**

**प्रश्न. 'भारत श्रीलंका का बरसों पुराना मित्र है।' पूर्ववर्ती कथन के आलोक में श्रीलंका के वर्तमान संकट में भारत की भूमिका की विवेचना कीजिये। (2022)**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-sri-lanka-relations-2